भगवान शंकर की बारात में भूत-पिशाच और किन्नर नाचे

महाशिवरात्रि महापर्व : शिवालयों में दिनभर लगी रही श्रद्धालुओं की कतार, चले अभिषेक

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही हर्षोउल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस दौरान जहां शिवालयों में भक्तों की कतार दिनभर लगी रहीं, तो वहीं जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शिव बारात निकाली गई। महाशिवरात्रि के अवसर पर जिलामुख्यालय पर तीन से ज्यादा स्थानों पर शिव बारात निकाली गई, जिनमें श्रद्धालुओं ने शामिल प्रसादी ग्रहण की।

महाशिवरात्रि के चलते सुबह से मंदिरों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहीं। इस दौरान जहां श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल अभिषेक किया, तो वहीं विधिवत पूजा अर्चना कर अपने व अपने परिवार के कल्याण की प्रार्थना महादेव से की।

ढपले और डीजों पर थिरके श्रद्धालु:

महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार की दोपहर बाद शहर में भगवान शिव की बारात निकाली गई। जो नेहरू बाल उद्यान मंदिर से प्रारंभ होकर मैन मार्केट, सुभाष गंज, स्टेशन रोड़, गांधी पार्क, पुराना बाजार होते हुए वापस पहुंची। बारात में सबसे आगे डीजे पर चल रहे भगवान शंकर के भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। तो वहीं पारंपरिक ढपलों की थाप पर भूत-पिशाच और किन्नर थिरकते हुए चल रहे थे। तो वहीं इसके बाद भगवान शिव का ढोला चल रहा था, जिसमें भगवान शिव की प्रतिमा विराजमान की गई थी। इनके पीछे महिलाएं मंगलगीत गाते हुए चल रहीं थी और सबसे पीछे नंदी पर सवार भगवान भोले शंकर चल रहे थे। यह बारात जहां-जहां से गुजरी उसका श्रद्धालु स्वागत करते नजर आए। इस दौरान कई स्थानों पर भगवान की प्रसादी के रूप में मानी जाने वाली भांग वितरित की गई।

दो बहनों ने 60 घंटे की मेहनत से बनाए मिट्टी के महाकाल

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। मन में अगर श्रद्धा और दृढ़ संकल्प हो तो कुछ भी संभव है। जिलामुख्यालय निवासी की दो बहनों करीब 60 घंटे की मेहनत से मिट्टी के महाकाल बनाए और उनकी विधिवत पूजा अर्चना की।

सोनम सोनी ने बताया कि उनके मन में भाव आया कि वह मिट्टी के महाकाल बनाए, इसके बाद उन्होंने अपनी बहन साक्षी सोनी के साथ मिलकर मिट्टी के महाकाल की प्रतिमा निर्मित की। इसके साथ ही उन्होंने घर में ही न केवल महाकाल बल्कि महाकाल के अलावा शिवलिंग सहित शिव परिवार की प्रतिमाएं भी इसी समय अवधि में बनाने के साथ ही उनकी पूजा अर्चना की गई। तो वहीं जिले के कई स्थानों पर मिट्टी के महाकाल बनाए गए, जिनका अभिषेक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा कराया गया।

एक नजर में

महाशिवरात्रि पर निकाली शिवजी की बारात,जगह-जगह हुआ स्वागत

नवभारत शाढौरा । महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को कुंड मोहल्ला स्थित प्राचीन शिव मंदिर से भगवान शिव जी भव्य बरत निकाली गई । बारात में डीजे, ढोल-नगाड़ों और बम-बम लहरी के जयघोष से पूरा नगर गुंजायमान रहा। श्रद्धालु शिवभक्ति में सराबोर होकर महादेब के भजनों पर- झूमते हुए शोभायात्रा में नाचते गाते हुए चल रहे थे। स्थानीय कुड मोहल्ला प्रचीन शिव मंदिर से भगवान देवादिदेव महादेव को बग्गी में विराजमान कर बरात निकाली जिसमे बरात मे शामिल श्रादालूओं का जगह- जगह पुष्प बरसा कर व जलपान करा कर स्वागत किया गया । शिव बरात सुबह 11 बजे कुंड मौहल्ला से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गे जिनमें कुंजड़ा मौहल्ला, सदर बाजार, कृष्णा चौराह, पंडा पुरा खड़िया मौहल्ला होते हुए बापिस स्थानीय कुड मोहल्ला प्रचीन शिव मंदिर पहुची, जहां शिवजी की बरात का समापन किया गया। समापन के दौरान शिव मंदिर में महादेव की महाआरती की गई तत्पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद बितरण किया। शिव वारात के आयोजन को लेकर नगरवासियों मे काफी उत्साह रहा, श्रद्धालुओं ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिव बरात की शोभायात्रा को सफल बनाया और धर्म लाभ अर्जित किया। क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्र श्री कुंडलपुर धाम पर भी सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। समिति ने विशेष इंतजाम किए, रेलिंग लगाकर भीड़ नियंत्रित की और पंक्तिबद्ध दर्शन की व्यवस्था की। दर्शन का सिलसिला रातभर जारी रहेगा। रात में विशेष अभिषेक, पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का आयोजन होगा।

पिपलेश्वर महादेव मंदिर में 84 वर्षों से प्रसाद वितरण की परंपरा कायम

नवभारत अशोकनगर। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर स्थित स्टेशन रोड पिपलेश्वर महादेव मंदिर आबकारी विभाग परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रसाद वितरण एवं कन्या भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाराज हरिओम दुबे के सान्निध्य में संपन्न हुआ यह धार्मिक आयोजन सन 1984 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है और अब क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है महाशिवरात्रि के दिन प्रात:काल से ही मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ का विशेष पूजन, अभिषेक और आरती का क्रम शुरू हुआ। पूजा-अर्चना के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए खीर-पूरी का प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही पारंपरिक मान्यता के अनुसार शिवभक्तों के लिए भांग का वितरण भी किया गया, जिसे महाशिवरात्रि की धार्मिक परंपरा का हिस्सा माना जाता है कार्यक्रम की विशेष कड़ी के रूप में कन्या भोजन का आयोजन भी किया गया।

कालाबाग में कालेश्वर महादेव के दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु, गांव में लगा तीन दिवसीय मेला

नवभारत न्यूज

नईसराय। तहसील मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम कालाबाग पोला पहाड़ शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया।

रविवार को पूरे दिन लाखों भक्तों ने शिव पोला पहाड़ पर जाकर दर्शन किए, जिसके चलते काफी दूर तक महिलाओं,पुरुषों की लंबी लाइन देखने को मिली। वहीं प्रसिद्ध कथा वाचक महेंद्र पारसमणी महाराज द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कालाबाग गांव में एक ऐसा स्थान है जहां पर भगवान भोलेनाथ का काफी प्राचीन मंदिर है इसके साथ ही मंदिर प्रति

शिवरात्रि पर मेला लगता है जिसके तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है कालाबाग में काले पत्थर से बने कालेश्वर महादेव का शिवरात्रि पर अभिषेक व विशेष श्रृंगार व पूजा अर्चना की जाती है। दरअसल कालाबाग में काले पत्थर से बने कालेश्वर महादेव की शिवलिंग ने एक अलग ही पहचान दिलाई है यह शिवलिंग एक गुफा में स्थित है जो भक्तों की आस्था का केंद्र है यह गुफा लगभग 3 वर्ग किलोमीटर के दायरे में फैली है तथा पहाड़ पर स्थित इसे पोला पहाड़ के नाम से भी जाना जाता है इस गुफा का निर्माण किसने करवाया इसके बारे में किसी के पास कोई प्रमाण नहीं है हालांकि बुजुर्ग बताते हैं कि यह गुफा करीब 400 साल पहले की है जहां शिव भक्त हर दिन दर्शन करने को आते हैं जहां भक्तों की भीड़ लगती है। वहीं प्रशासन की तरफ से नईसराय तहसीलदार मयंक तिवारी एवं नईसराय थाना प्रभारी मनीष गुर्जर अपने दल बल के साथ व नगर रक्षा समिति के सदस्य मेले में मौजूद रहे।

क्षत्रिय स्वर्णकार समाज महिला मंडल ने निकाली शिव बारात

नवभारत अशोकनगर। शहर के प्राचीन श्री गणेश मंदिर में क्षत्रिय स्वर्णकार समाज महिला मंडल के तत्वावधान में शिवरात्रि पर्व मनाया गया। इसके अंतर्गत क्रमश: महिला मंडल द्वारा हल्दी एवं मेहंदी का कार्यक्रम किया गया एवं महाशिवरात्रि पर महिला मंडल द्वारा शिव बारात निकाली गई। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान,नारद जी शिव पार्वती गणेश जी की वेशभूषा पहनकर स्वरूप धारण किया एवं बम भोले के जयकारे लगाते हुए धूम धाम से शिव बारात निकाली। बरात गणेश मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर प्रोसेशन रोड़ धर्मेंद्र पान, गर्ल्स स्कूल होते हुए गणेश मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुई। जहां बारात का स्वागत आरती पूजन फलाहार के साथ हुआ। रात्रि में शिव जी का महाअभिषेक पूजन कीर्तन भक्ति पूर्वक आयोजित किया गया।

अपराध को अंजाम देने से पहले धराए आरोपी

पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

उनसे मिले 5 कट्टे और 3 कारतूस

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। चंदेरी पुलिस ने क्षेत्र में अपराध करने की नियत से घूम रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनसे 5 देशी कट्टे सहित 3 जिंदा कारतूस जब्त किये है।

चंदेरी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत कुमार यादव ने बताया कि मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि अवैध हथियार लेकर अपराध करने की नियत से घूम रहा है। जिसके बाद उन्होंने टीम गठित कर बताये गए मुखबिर के स्थल पर पहुंची, जहां पुलिस ने कलारी दुकान के पीछे दविश दी गई, मौके पर पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर के 2 देशी कट्टे एवं 1 जिंदा

कारतूस जप्त किए गए। पकड़े गए आरोपी की पहचान सत्येन्द्र सिंह पुत्र रघुराज सिंह बुन्देला निवासी लिधौरा हाल निवास बायपास चंदेरी था। वहीं आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर सहआरोपी बफाती खान पुत्र सब्बू खान निवासी ग्राम बारी के कब्जे से 315 बोर का 01 देशी कट्टा एवं 01 जिन्दा कारतूस जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त पुन: प्राप्त मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम द्वारा पिछोर रोड सिंहपुर महल मार्ग पर दबिश दी गई, जहां से आरोपी गब्बर परमार पुत्र रघुराज सिंह परमार निवासी ग्राम हरथौन थाना मायापुर जिला शिवपुरी के कब्जे से 315 बोर के 02 देशी कट्टे एवं 01 जिन्दा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। बरामद 05 देशी कट्टों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 52,000 आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों पर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक कदम सिंह मीना, जोगेन्द्र सिंह यादव, प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र कुमार, हरीश भार्गव, आरक्षक तेजसिंह, योगेन्द्र रघुवंशी, आशीष शर्मा, ज्ञान सिंह, विष्णु प्रजापति एवं सतीश वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

राजा हिमाचल ने दहेज में दिया गृहस्थी का सामान

विवाह से पहले निकाली भगवान भोले की बारात

घराती बने डॉक्टर हरवीर ने किया स्वागत

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालु द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में शिव नवरात्रि एवं शिव विवाह महोत्सव मनाया जा रहा था, जो रविवार को पणिग्रहण संस्कार के साथ संपन्न हुआ।

दरअसल मंदिर पर 6 फरवरी से भगवान महाकाल के विवाह कार्यक्रम के रीति रिवाज प्रारंभ हो गए थे, जहां खदान खुदाई, मेहर भराई, हल्दी, चंदन आदि के कार्यक्रम हुए, तो वहीं रविवार को शिव बारात निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं डीजे की धुन पर थिरकते हुए नजर आए। भगवान शिव शंकर का विवाह हिंदू धर्म लोकरीति के अनुसार किया गया। जिसमें अगवानी जिस तरह से

राजा हिमाचल ने ली थी उसी तरह से डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने की। इस दौरान सबको प्रसाद फलाहारी एवं महिला मात् शक्ति को सुहाग सिंगर तथा ब्राह्मणों को वस्त्र आभूषण कन्या आदि साधु संतों को भेंट दक्षिणा दी गई। यह पणिग्रहण संस्कार पुजारी किशन लाल मिश्रा के द्वारा विधिवत किया गया। वहीं कार्यक्रम में महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ की भावर परिक्रमा के समय मधुर भजन गाकर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। हिंदू धर्म लोक रीती के अनुसार विदाई में सभी को नेग के रूप राजा हिमाचल बने श्री रघुवंशी द्वारा दी गई। तो वहीं दूल्हा रूप में भगवान की माता पार्वती के साथ पाओ पाखरे तथा महाआरती की गई। वहीं मंदिर परपार्थिव शिव लिगों के पात्रों की शाम तक संख्या 154 हुई, जिनमें आज के शिवलिंगों संख्या 16632 हुई इन सभी पात्रों की पूजन ब्राह्मण महेंद्र मिश्रा एवं भोलाराम मिश्रा द्वारा 10 उपचार से की गई। उल्लेखनीय है कि इस नवरात्रि में मंदिर पर पार्थिक शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा था, जिसमें कालोनी वासी बड़े उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे थे, जिससे पूरी कालोनी में भक्तिमय महोल था।

आयोजन

श्रीमद् भागवत गीता स्वाध्याय समिति ने उठाया विवाह का खर्च

गरीब कन्या का विवाह कराना बड़े पुण्य का काम : विधायक

नवभारत न्यूज

पिपरई। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम बक्सनपुर आरोली में श्री युगल सरकार श्रीमद् भागवत गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा एक गरीब आदिवासी कन्या का विवाह समिति के सहयोग से संपन्न कराया गया। पिपरई तहसील अंतर्गत ग्राम बक्सनपुर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित इस समारोह में धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का सुंदर संगम देखने को मिला। समिति द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रीमद् भागवत गीता अखंड पाठ का आयोजन भी किया गया।

विवाह समारोह में क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने हनुमान जी एवं शिव परिवार के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा कन्या को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि गरीब कन्या का विवाह कराना बड़े पुण्य का कार्य है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और नशामुक्ति पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों द्वारा ऐसे कार्य समाज को नई दिशा देते हैं और जरूरतमंद परिवारों को संबल प्रदान करते हैं। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि शिवपाल सिंह यादव ने बताया कि समिति द्वारा गरीब आदिवासी कन्या का विवाह पूर्ण धार्मिक विधि-विधान से संपन्न कराया गया। विवाह से संबंधित संपूर्ण खर्च समिति द्वारा वहन किया गया। दहेज का आवश्यक सामान, भोजन व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाएं भी समिति ने स्वयं कीं, जिससे कन्या पक्ष को किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी न हो! और जानकारी देते हुए बताया गया की प्रेमनारायण सिंह आदिवासी की पुत्री बालकुमारी निवासी थूबोन का विवाह पतरम सिंह आदिवासी के सुपुत्र निवासी ककराई के साथ संपन्न हुआ। विवाह समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और नवदंपति को आशीर्वाद दिया !समारोह के दौरान सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था और सहयोग की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। समिति के इस सराहनीय प्रयास की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा की जा रही है।

पूर्व विधायक के यहां श्रद्धांजलि देने पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष

नवभारत न्यूज

चंदेरी। शनिवार को कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान वह कई निजी कार्यक्रमों में शामिल हुए। तो वहीं कार्यकर्ताओ से रूबारू होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की बात कहीं। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी देर शाम चंदेरी पहुंचे, जहां पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान के घर पहुंचकर मां के निधन पर श्रद्धांजलि दी। बता दे कि पूर्व विधायक की मां को देहात विगत दिनों हो गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह, अशोकनगर विधायक इंजीनियर हरीबाबू राय, कुणाल चौधरी, यादवेंद्र सिंह यादव साथ में रहे। चंदेरी पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का चंदेरी के कांग्रेस कार्यकर्ताओ से भी पूर्व विधायक के निवास पर मुलाकात कर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विवेक भार्गव, महामंत्री बृजकिशोर याज्ञनिक, एडवोकेट इदरीश खान पठान सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर

क्रमांक/ड-154/2025-26
चंदेरी दिनांक 12/02/2026
//विज्ञप्ति//

आवेदक प्रदीप चौधरी पुत्र गुलाब चंद चौधरी निवासी ग्राम चंदेरी तहसील चंदेरी द्वारा अपने पिता गुलाब चंद चौधरी पिता दयाचंद चौधरी की मृत्यु दिनांक 20/04/1981 को ग्राम चंदेरी में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत: प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 20/02/2026 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

तहसीलदार
तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर म.प्र.